सार-समाचार

## सैनी समाज का होली स्नेहमिलन समारोह

**रतनगढ़** (निसं)। स्थानीय रामचंद्र पार्क के पीछे स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले सैनी समाज अतिथि भवन में रविवार को रतनगढ़ सैनी समाज का होली स्नेहमिलन समारोह व विशेष बैठक का आयोजन ओमप्रकाश प्रकाश गौड़ की अध्यक्षता मे किया गया। सैनी समाज ईकाई अध्यक्ष महेश सैनी व सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी सेवा संस्थान के अध्यक्ष मोहनलाल राकसिया के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में महात्मा ज्योतिबा फुले सैनी समाज अतिथि भवन के अध्यक्ष का चुनाव भी सम्पन्न हुआ जिसमें आनन्दीलाल चुनवाल को सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष मनोनीत किया गया। साथ ही मनोज भाटी को कोषाध्यक्ष व गजानन्द गौड को भवन समिति का सचिव मनोनीत भी किया गया। उपस्थित समाजबंधुओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर अभिनन्दन करते हुए शुभकामनाएं दी। समारोह के दौरान ही आयोजित बैठक में भवन की व्यवस्थाओं बढाने के विषय में विचार विमर्श किया गया। इस अवसर सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी सेवा संस्थान के जिला महासचिव गौरीशंकर खडोलिया, तहसील कोषाध्यक्ष गिरधारी लाल राकसिया, उपाध्यक्ष परमेश्वर लाल गौड़, दुर्गाप्रसाद कम्मा, धनेश्वर चुनवाल, बजरंग लाल कम्मा, पूर्व कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश खडोलिया, बाबूलाल कम्मा, नवयुवक मंडल जिलाध्यक्ष तिलोक कम्मा, मनोज टाक, शंकरलाल खडोलिया आदि सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित थे।

## पांच ट्रेलर को बकाया टैक्स और ओवरलोड व ई-रवन्ना में जब्त किया

**सीकर** (निसं)। जिला परिवहन अधिकारी ताराचंद बंजारा ने बताया कि परिवहन विभाग की जिले में बकाया टैक्स और ई-रखन्ना चालान वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है। जयपुर से आए विशेष दल द्वारा आकस्मिक चैकिंग करते हुए 5 ट्रेलर को बकाया टैक्स और ओवरलोड व ई-रवन्ना में जब्त किया गया। जिनसे लगभग 6 लाख रूपये प्रशमन राशि व 4.50 लाख रूपये टैक्स वसूल किया गया। सहायक परिवहन आयुक्त धर्मपाल असवाल के नेतृत्व में विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। परिवहन विभाग द्वारा वार्षिक कर देय भार वाहनों के वित्तीय वर्ष 2025-26 का अग्रिम कर जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2025 निर्धारित की गई थी। विभाग की ओर से जारी ई-रवन्न में ओवरलोड माल का परिवहन करने वाले वाहनों के चालानों में 95 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। योजना के अंतर्गत छूट प्राप्त कर ई-रवन्ना चालानों का निस्तारण 31 मार्च 2025 से पूर्व कराकर योजना का लाभ लिया जा सकता है। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी मथुरा प्रसाद मीणा ने बताया कि मार्च महिने में अवकाश के दिनों में भी कार्यालय को खोलकर ऑनलाइन टैक्स जमा करने का कार्य किया जा रहा है। बिना टैक्स वाले वाहनों को सीज करने की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## स्काउटिंग विद्याओं की जानकारी दी

**सीकर** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ दांता जिला मुख्यालय सीकर के तत्वावधान में जिला स्तरीय अनुसूचित जाति जन जाति स्काउट प्रशिक्षण शिविर 21मार्च 2025 से स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र बनाथला दांता रामगढ़ में चल रहा है। शिविर के तीसरे दिन निरीक्षण में स्काउट पोशाक एवं शिविर कला का निरीक्षण किया तथा सुरेश कुमार शर्मा सहायक जिला कमिश्नर के कर कमलों से ध्वजारोहण किया गया। शिविर संचालक रामलाल चौधरी ने बताया कि आज प्रशिक्षणार्थियों को लेआउट,ध्वज शिष्टाचार शिविर कला ,ध्वजों की जानकारी,प्राथमिक सहायता ,टोली विधि तथा गांठों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रभुदयाल कुमावत, हेमराज कुमावत, छीतर मल वर्मा, शिवसिंह राणा, प्रहलाद राय शर्मा, तुलसीराम कुमावत आदि द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

## चूरू के गाजसर बीहड़ में आग लगी

**चूरू** (निसं)। गाजसर बीहड में रविवार दोपहर को अचानक आग लग गई। हवा के कारण आग तेजी से फैल गई। बीहड में लगे सैकड़ों सूखे पेड़-पौधे जलकर राख हो गए। स्थानीय लोगों ने पहले खुद आग बुझाने का प्रयास किया। जब आग काबू से बाहर हो गई, तब प्रशासन को सूचना दी। मौके पर सर्वप्रथम सदर पुलिस पहुंची। नगर परिषद से दो दमकलें भेजी गईं। आग की गंभीरता को देखते हुए राजगढ़ से भी दमकल मंगवाई गई। तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी सुनील झाझड़िया, सदर थानाधिकारी बलवंत सिंह और कोतवाली थाना के एसआई रामशरण पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। आग की लपटें दूर-दूर तक दिखाई दे रही थीं। आग के कारण धुआं चारों ओर फैल गया, जिससे वातावरण दुषित हो गया।

## कमला बाईजी के निधन पर शोक

**सीकर,** (निसं)। श्रीश्याम बाबा भजन समिति ने प्रख्यात श्यामभक्त कमला बाईजी कांकाणी 'मौसीजी' के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। समिति की ओर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समिति के संस्थापक सचिव श्यामभक्त भजन गायक रामगोपाल गोपी, संरक्षक मदनप्रकाश मावलिया, अध्यक्ष राजकुमार त्रिपाठी, कार्यकारी अध्यक्ष पवन गिनोड़िया, समाजसेवी सुरेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिता कांकडोलिया, वीरेन्द्र माथुर, ज्योति तनवानी, भावना जांगिड, दिनेश शर्मा आदि ने अपने शोक संदेश में कहा है कि श्यामप्रभु दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे तथा उनके परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति दे।

## राष्ट्रीय मीणा महासभा की बैठक

**बीदासर** (निसं)। राष्ट्रीय मीणा महासभा की ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन रविवार को किया गया। मीणा महासभा के ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज मीणा ने बताया कि आगामी 6 अप्रैल को कातर में मीणा समाज का जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान एवं स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमे जिले भर से मीणा समाज के गणमान्य लोग भाग लेंगे। बैठक में समारोह की तैयारियों की रूप रेखा तैयार की गई। बैठक में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नवल किशोर मीणा, मुरारी लाल मीणा, रमेश मीणा, संतोष मीणा, बत्तू सिंह मीणा, राजेश मीणा, रामावतार पबरी, बहादुर सिंह मीणा, बत्ती लाल मीणा, रामहरि मीणा, विजेंद्र मीणा, हरिमोहन मीणा, मनोज मीणा, अशोक मीणा, राजेश मीणा, मोहन लाल मीणा, राधेश्याम मीणा, चंदा राम मीणा, कमलेश मीणा आदि समाज के लोग मौजूद रहे।

## पंचायत समिति का अवलोकन किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। मोरारका कॉलेज झुंझुनूं के राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने सहायक आचार्य डॉ. वेदप्रकाश और डॉ. आकांक्षा डूडी के निर्देशन में झुंझुनूं पंचायत समिति का अवलोकन किया। प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सिंह न्यौला ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। इस दौरान बीडीओ सीताराम ने पंचायती राज के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सहायक आचार्य डॉ. वेदप्रकाश ने बताया कि अवलोकन के दौरान विद्यार्थियों ने पंचायत समिति की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की और विभिन्न प्रकार के सवालों के जवाब भी प्राप्त किए।

## पंचायत समिति की बैठक आज

**बीदासर** (निसं)। राज्य सरकार के आदेश की पालना में पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक आज सोमवार को पंचायत सभागार में प्रधान संतोष मेघवाल की अध्यक्षता में आहूत की गई है। विकास अधिकारी राजू राम ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आईवी के लिए डीआरआरपी केन्डीडेट, रोड एवं सीएनसीपीएल के प्रस्तावों के अनुमोदन पर विचार कर निर्णय लिया जाएगा।

## चार नकबजन गिरफ्तार

**बीदासर** (निसं)। कस्बे में चोरी के आरोप में गिरफ्तार किए गए अंतर्राज्यीय गैंग के चार नकबजनों से एक नकबजन जोधपुर के गांव प्रतापनगर फेजा मस्जिद गली नंबर दो के निवासी शाहरुख खान पुत्र सलीम खा छींपा का पीसी रिमांड पुरा होने पर बीदासर पुलिस ने राजगढ़ न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने शाहरुख खा को जेल भेजने के आदेश दिए।

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी 26 मार्च को कैमरी ढाणी आएंगी

**खिरोड,** (निसं)। राजस्थान सरकार की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी 26 मार्च को ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम कैमरी ढाणी आएंगी। वे सुबह 11 बजे शहीद हवलदार रामजीलाल कटेवा के 22वें शहादत दिवस पर आयोजित होने वाले शहीद प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगी।

# नीमकाथाना जिला बनाए जाने की मांग को लेकर धरना जारी

**पाटन** (निसं)। नीमकाथाना जिला बनाए जाने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत बल्लूपुरा में आज 41वें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस धरने में स्थानीय विधायक सुरेश मोदी भी शामिल हुए और धरने पर बैठे लोगों का उत्साहवर्धन किया।

ग्राम पंचायत बल्लूपुरा में आयोजित इस धरने में सरपंच हवासिंह, संजय यादव, शिम्भूदयाल गर्ग, नागरमल यादव, सुबेसिंह यादव, श्रीराम यादव, भूपसिंह यादव, रतनलाल यादव, सोहनलाल यादव, दाताराम मीणा, सुरेन्द्र सोलंकी, बहादुर सिंह यादव, हनुमान प्रसाद जांगिड़ और

■ विधायक सुरेश मोदी भी शामिल हुए

नीमकाथाना जिला बनाए जाने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत बल्लूपुरा में धरना प्रदर्शन जारी रहा।

अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। धरने में शामिल हुए विधायक सुरेश मोदी ने कहा कि इस संघर्ष में सभी नीमकाथाना वासी एकजुट हो चुके हैं और यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक नीमकाथाना को जिला बनाए जाने की मांग पूरी नहीं हो जाती।

उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि 75 साल में पहली बार राजस्थान में जिला बनाकर हटाने की परंपरा शुरू हुई है, जो कि लोगों के लिए एक विश्वासघात हुआ है। भाजपा सरकार ने जनता के विकास के बजाय उनकी आवाज को दबाने का काम किया है, इस संघर्ष को जब तक जीत नहीं मिलती, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

धरने में शामिल ग्रामवासियों ने कहा कि नीमकाथाना का जिला बनना न केवल प्रशासनिक फैसला है, बल्कि यह क्षेत्र की समृद्धि और विकास के लिए भी जरूरी है। पंचायत के सरपंच हवासिंह ने कहा कि यह आंदोलन केवल एक प्रशासनिक फैसले के खिलाफ नहीं, बल्कि सरकार को संवेदनशील निर्णय लेने के लिए एक संदेश है। उन्होंने मांग की कि सरकार को नीमकाथाना को फिर से जिला बनाने का फैसला तुरंत वापस लेना चाहिए।संजय यादव और मुकेश कुमार यादव ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि युवाओं के मन में सरकार के खिलाफ गहरा आक्रोश है और उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नीमकाथाना जिला बनाए जाने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए और कहा कि इस फैसले ने ना केवल विकास को रुकवाया, बल्कि जनता को ठगा महसूस कराया।धरने में उपस्थित संघर्ष समिति के सदस्य बसंत यादव, राजेन्द्र आर्य, मालाराम वर्मा और मीडिया प्रभारी नरेश टेलर ने भी इस आंदोलन का समर्थन किया और कहा कि नीमकाथाना का जिला बनाना क्षेत्रवासियों का अधिकार है।

नीमकाथाना में लगभग 70 दिनों से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन जारी है, और यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार इस फैसले को वापस नहीं ले लेती।

## शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**झुंझुनूं,** (निसं)। रविवार को इंदिरा नगर स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में शहीद भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरू का 94वां बलिदान दिवस मनाया गया। इस मौके पर उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज मील के नेतृत्व में शहीद भगत सिंह विचार मंच तथा सर्वहारा समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तीनों शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद संकल्प सभा का आयोजन किया गया। सर्वहारा समिति के संयोजक एडवोकेट बजरंगलाल ने इस मौके पर कहा कि शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू का सिर्फ मकसद यह नहीं था कि अंग्रेजों को देश से भगाया जाए। बल्कि उनका सपना यह भी था कि देश के किसानों और मजदूरों का राज स्थापित हो। लेकिन विडंबना है कि जैसे हालात देश में आजादी के वक्त किसानों और मजदूरों के थे।

## विश्व हिंदू परिषद के दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का समापन हुआ

**झुंझुनूं,** (निसं)। विश्व हिंदू परिषद् की दो दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग के समापन समारोह मे केशव आदर्श बालिका विद्या मंदिर में संत मोहनदास के संत सानिध्य एवं प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख देवीसहाय के मुख्य आतिथ्य व जिलाध्यक्ष विनोद सिंघानिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

विहिप धर्मप्रसार प्रांत प्रमुख सीएम भार्गव मे अपने उद्बोधन मे बताया कि मां भारती ने आक्रमणकारी यवन, हूण, कुषाण सबको समा लिया परंतु आठवीं शताब्दी के प्रारंभ मे सिंध पर हुए मोहम्मद बिन कासिम के आक्रमण एवं अपने ही लोगों के विश्वासघात के कारण सिंधुपति राजा दाहिरसेन की पराजय के बाद देश मे धर्मांतरण प्रारंभ हुआ। जो आजादी के बाद तुष्टिकरण की नीति के कारण तीव्र गति से हुआ। जिसके कारण जनसंख्या असंतुलन बढ़ता गया। जो वर्तमान मे रोहिंग्या व बांग्लादेशी घुसपैठियों एवं ईसाई मिशनरियों की गतिविधियों के कारण विकराल रूप ले चुका है। धर्मांतरण पर अंकुश लगाने एवं परावर्तन के लिए हमें कुटुम्ब प्रबोधन एवं सेवा कार्यों के माध्यम से समाज को जागृत करने के अभियान को प्रमुखता से करना चाहिए। इस अवसर पर नवलगढ़ प्रखंड मंत्री सुरेश कुमावत एवं सामाजिक समरता सह प्रमुख अजय रूंथला को दायित्व दिया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री जयराज जांगिड, सह मंत्री मनोज सैनी, जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र केडिया, जिला सत्संग प्रमुख आनंद भट्ट, जिला उपाध्यक्ष गिरधारी राठी, बजरंग दल जिला संयोजक सुशील प्रजापति, सह संयोजक राहुल जांगिड, मातृशक्ति जिला सह संयोजिका संजू कंवर, दुर्गावाहिनी जिला सह संयोजिका मोनिका जांगिड, प्रांत धर्म प्रसार टोली सदस्य योगेंद्र कुण्डलवाल, नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर पाटोदिया, नगर संयोजक पिंटू कुमावत, मिलन केंद्र प्रमुख सोनू कुमावत, अशोक सैनी, उदयपुरवाटी प्रखंड उपाध्यक्ष बृजलाल शर्मा, नवलगढ़ प्रखंड अध्यक्ष राममोहन सेकसरिया, सत्संग प्रमुख कृष्ण कुमार सेकसरिया, गुढ़ागौड़जी जिला प्रचार प्रमुख कृष्ण कुमावत, मलसीसर प्रखंड मंत्री विष्णुकांत शास्त्री, बिसाऊ प्रखंड सह मंत्री मनोज कुमार सैन, बगड़ ग्रामीण सह मंत्री कपिल शर्मा, व्यवस्थापक प्रांत धर्माचार्य सह संपर्क प्रमुख रामानंद पाठक, अशोक प्रजापति, रोहन सैनी रहे।

## आयुर्वेद चिकित्सा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शिविर आवश्यक : खर्रा

**सीकर** (निसं)। नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा एक दिवसीय दौरे के दौरान श्रीमाधोपुर पहुंचे, जहां उन्होंने बजाज धर्मशाला में आयोजित क्षार सूत्र अंतरंग शल्य चिकित्सा शिविर में शिरकत की।

■ शिविर का राज्य मंत्री खर्रा ने निरीक्षण समिति के पदाधिकारियों ने सम्मान किया

■ आयुर्वेद विभाग राजस्थान तथा सार्वजनिक औषधालय समिति के सौजन्य से आयोजित हो रहा 10 दिवसीय शिविर

चिकित्सा शिविर आयुर्वेद विभाग राजस्थान और सार्वजनिक औषधालय समिति के सौजन्य से आयोजित किया गया,जिसका उद्देश्य आयुर्वेदिक पद्धित द्वारा रोगियों का उपचार करना है।

राज्य मंत्री खर्रा ने शिविर का निरीक्षण कर विभिन्न चिकित्सा प्रक्रियाओं की जानकारी ली और मरीजों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने आयुर्वेद चिकित्सा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा और पारंपरिक आयुर्वेदिक पद्धितयां आधुनिक चिकित्सा का सशक्त विकल्प बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में आयुर्वेद और योग को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और इस प्रकार के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। इस अवसर पर श्रीमाधोपुर नगर पालिका अध्यक्ष हरिनारायण महंत,वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. मनोहर शरण दास, आयुर्वेद विभाग के अन्य अधिकारी, सार्वजनिक औषधालय समिति के पदाधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। राज्य मंत्री खर्रा का समिति द्वारा सम्मान किया गया। आयुर्वेद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह शिविर 10 दिनों तक जारी रहेगा, जिसमें विभिन्न प्रकार की आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धितयों के माध्यम से बवासीर, भगंदर, फिशर एवं अन्य गुदा रोगों का उपचार किया जाएगा। मरीजों को नि:शुल्क परामर्श एवं औषधियां भी उपलब्ध करावाई जा रही है।

इस मौके पर राज्य मंत्री खर्रा ने समिति के प्रयासों की सराहना की और आयुर्वेद चिकित्सा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इस प्रकार के शिविरों के आयोजन को आवश्यक बताया।

## 'जल जीवन मिशन में पोर्टल का मिसयूज कर गलत आंकडे अपलोड किए जा रहे हैं'

**सादुलपुर,** (निसं)। चूरू लोकसभा सांसद राहुल कस्वा कहा कि देश के 617 जिलों में डिस्ट्रिक्ट वाटर कन्जर्वेशन प्लान बना, लेकिन सांसदों को इसका पार्ट ही नहीं बनाया गया। उन्होंने कहा कि एक सांसद के रूप में हमें हर दिन पब्लिक डिलिंग करनी होती है और दिन का पहला फोन इसी बात के लिये आता है कि गांव में पीने का पानी नहीं आ रहा है। सिस्टम के हालात इतने खराब हैं कि जल जीवन मिशन में पोर्टल का मिसयूज कर गलत आंकडे अपलोड किए जा रहे हैं। सांसद कस्वा ने कहा कि चूरू में 70 प्रतिशत घरों में नल द्वारा जल उपलब्ध करवाने के आंकडे जेजेएम डैशबोर्ड पर दर्शाये जा चुके हैं, जबकि अकेले सादुलपुर ब्लॉक में 19 में से मात्र ०2 एसएलआर बन पाई हैं। जल जीवन मिशन के तहत्त जो काम हुआ है उस दौरान अकेले चूरू लोकसभा क्षेत्र में लगभग 400 करोड रू. की सडकें तोड दी गई।

# रावणा राजपूत संस्थान ने होली स्नेह मिलन समारोह में वरिष्ठजनों का सम्मान किया

**चूरू** (निसं)। जिला रावणा राजपूत संस्थान चूरू की ओर से एन.एच. 52 रामगढ़ बाईपास पर संस्थान की प्रबंध कारिणी की बैठक व होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुमेर सिंह परिहार ने की।

सर्व प्रथम दिवंगत कुसुम चंदेल व भंवर सिंह चौहान को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में हरि सिंह कुमाऊनी, बजरंग सिंह परिहार, भंवरसिंह परिहार, इंद्र सिंह, शेखावत पप्पू सिंह चौहान, किशनसिंह राठौड, भादर सिंह राठौड़, अमित सिंह भुवाडी, शंकर सिंह चौहान, सुमेर सिंह रामसरा, हनुमान सिंह चौहान, सुमेर सिंह परिहार, टोरू सिंह, राजेंद्र सिंह, जय सिंह, जितेंद्र सिंह, भागोती देवी, देवेंद्रसिंह, महेंद्र सिंह, मातु सिंह, श्रवन सिंह, सुरेश सिंह, राजेंद्र सिंह, कमला देवी, गिरधारी सिंह परिहार, विक्रम सिंह, राहुल सिंह, डिंपल कंवर, मानवेंद्र सिंह, राजू सिंह, कमलख देवी, भगवान सिंह, देवेंद्रसिंह, गुलाब सिंह, मनोजसिंह, ओम कंवर, दीपिका कंवर, शगुन कंवर, पूजा कंवर, दीपिका कंवर,

जिला रावणा राजपूत संस्थान चूरू की ओर से एन.एच. 52 रामगढ़ बाईपास पर संस्थान की प्रबंध कारिणी की बैठक व होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

अमर सिंह, मोहितसिंह, हेमंत सिंह सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

संस्थान महासचिव ने गत मीटिंग का पठन कर अनुमोदन करवाया गया। इस दौरान आयोजित होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में तोल सिंह शेखावत, मोहिनी देवी सोनगरा, दुर्गा कंवर, बनारसी देवी, सुमेर सिंह परिहार, सावित्री देवी, भागोती देवी परिहार, रामेश्वर सिंह भाटी, कमला कंवर, मीरा कंवर चौहान, जमन सिंह बिका, कमला देवी पोटी, शारदा देवी, ओम कंवर, दीपिका कंवर, शगुन कंवर, पूजा कंवर, इंद्र सिंह शेखावत का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डिंपल मेडतिया ने किया।

सार-समाचार

## रक्तदान कर भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरू को श्रद्धा सुमन अर्पित किये

**चूरू** (निसं)। भारत की आजादी के महान नायक सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस पर राकेश बेनीवाल के नेतृत्व में भरतिया अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रविवार को रक्तदान कर और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर शिशुपाल बुडानिया, अशोक हुड्डा, अमित ढाका और विनोद गोदारा ने रक्तदान किया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए हरफूलसिंह भांभू ने कहा कि अन्याय और अत्याचार के खिलाफ भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव का निडर संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान हर भारतीय के लिए एक मिसाल बन गया है। राजस्थान जाट महासभा के अध्यक्ष रणवीर सिंह कस्वां ने कहा कि ताकतवर ब्रिटिश हुकूमत को 23 वर्ष युवा के साहस, जुनून और आजादी के जज्बे ने हिला दिया था। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उप निदेशक कुमार अजय ने कहा कि भगतसिंह की लडाई सिर्फ ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ ही नहीं बल्कि सामाजिक भेदभाव के खिलाफ भी थी। इस अवसर पर जाट विकास संस्थान के अध्यक्ष सोहनलाल फगेडिया ने कहा कि भगतसिंह के जीवन से प्रेरणा लेते हुए युवाओं को राष्ट्रीय एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता दलिप सरावग ने भगतसिंह को आजादी का महानायक और युवाओं का आदर्श बताते हुए कहा कि रक्तदान करने वाले युवाओं का सम्मान होना चाहिये। कार्यक्रम में हेमंत सिहाग, ओमप्रकाश रणवां, सहायक आयुक्त जीएसटी भागीरथ चाहर, सहीराम पूनिया और गंगाराम कडवासरा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अनिल रणवां, राजेन्द्र बलारा, एफसीआई प्रभारी अधिकारी राजेश पिलानिया, एडवोकेट कन्हैयालाल रणवां, रामनिवास भांभू, कपिल धांधू, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी आशीष कुलहरी, मोहन हुड्डा, अंगद पिलानिया सहित बडी संख्या में शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक शिशुपाल बुडानिया ने किया।

## आरोपी को गिरफ्तार किया

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी पुलिस ने देर शाम को गाडी से टक्कर मारकर हत्या के प्रयास करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने वारदात के दौरान काम में ली गई गाडी भी जब्त की है। थानाधिकारी गोपाल लाल जांगिड़ ने बताया कि रंवा निवासी ठाकुर सिंह पुत्र लादूराम गुर्जर रिपोर्ट दी कि 19 मार्च को उसका पोता जितेंद्र कुमार उर्फ धोलाराम पुत्र मुकेश कुमार खेत की निगरानी कर रहा था, तब बाबा भरतरी मंदिर के पास नरहरि पुत्र ओमपाल निवासी रंवा अपनी बोलेरो गाडी लेकर आया तथा उसके पोते को जान से मारने की नीयत से बोलेरो की टक्कर मारी, जिस कारण उसके पोते के गंभीर चोटे आई, जिसका इलाज सिंघाना में चल रहा है। इस दौरान आरोपी उसे मरा हुआ छोडकर भाग गया। हत्या के प्रयास के मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की गिरफ्तारी तथा घटना में प्रयुक्त वाहन की बरामदगी के लिए गोपाल लाल थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा मुखबीर तंत्र को सक्रिय किया गया तथा तकनीकी मदद से आसूचना का संकलन किया जाकर तलाश की जा रही थी। इस दौरान सूचना मिली कि वांछित आरोपी नरहरि उर्फ गोलिया गुर्जर ग्राम रवां में है जो कि हरियाणा की तरफ भागने की फिराक में है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी नरहरि उर्फ गोलिया गुर्जर के रवां स्थित ठिकाने पर दबिश देकर दस्तयाब किया गया। आरोपी को बाद पुछताछ प्रकरण में गिरफ्तार कर वारदात में काम में ली गई बोलेरो गाडी को जब्त कर लिया। इस दौरान टीम में थानाधिकारी गोपाल लाल, एएसआई कैलाश कुमार, एचसी राजवीर सिंह, कांस्टेबल महेश कुमार, जयप्रकाश आदि शामिल थे।

## शिविर में 103 रोगियों की जांच

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी कस्बे के स्वामी रामकृष्ण मिशन विवेकानंद स्मृति मंदिर में रविवार को नि:शुल्क ऑखों का शिविरलगाया गया। मिशन के सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने शिविरका फीता काटकर शुभारंभ किया। शिविरमें जयपुर के सहाय नैत्र रिसर्च सैन्टर के विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा 103 रोगियो की जांच की जाकर 38 रोगियो को मोतियाबिंद आपरेशन के लिए जयपुर रवाना किया गया। मिशनसचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने बताया कि रामकृष्ण मिशन द्वारा सामाजिक सरोकार की पहल करते हुए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाता है, जो गरीब व असहाय लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। सामाजिक सरोकार में रामकृष्ण मिशन अपनी एक अलग पहचान बना रहा है। जिसमें स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को मानते हुए महिलाओं को नि:शुल्क सिलाई सेंटर में प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। वहीं बच्चों को कंप्यूटर के क्षेत्र में भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके अलावारामकृष्णमिशनद्वारा गरीबों में समय-समय पर वस्त्र व अन्य घरेलू सामग्री वितरित कर स्वामी विवेकानंद के कार्यों को चरितार्थ कर रहा है।रामकृष्णमिशनमें आने वाले हर व्यक्ति की समस्याएं सुनकर उनका मौके पर ही समाधान करवाया जाता है। उन्होंने बताया किरामकृष्णमिशनके सदस्य स्वामी विवेकानंद के बताए हुए मार्ग पर चलकर गरीब व असहाय लोगों की मदद करने में अग्रिम पंक्ति में खडे हुए है। कार्यक्रम के दौरान असहाय लोगों को कंबल वितरण भी किया गया।

## भगवान आदिनाथ की जयंती मनाई

**सीकर** (निसं)। धार्मिक नगरी सीकर बजाज रोड स्थित स्थित 1008 शांतिनाथ दिगम्बर नया जैन मंदिर में चैत्र कृष्ण नवमी को जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की जयंती मनाई गई। पंडित जयंत कुमार शास्त्री ने बताया कि भगवान आदिनाथ, जिन्हें ऋषभ देव के नाम से भी जाना जाता है, का जन्म अयोध्या में हुआ था। उन्होंने मानवता को अक्षर, कृषि और गिनती का ज्ञान दिया। भारत का नामकरण उनके प्रथम पुत्र भरत चक्रवर्ती के नाम पर हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 7 बजे भगवान आदिनाथ के अभिषेक और शांति धारा से हुई। प्रियंक गंगवाल ने बताया की पंडित जयंत कुमार जी शास्त्री के सानिध्य में सर्वविघ्नहरण श्री भक्तांबर महामंडल विधान का आयोजन किया गया। और धर्म प्रेमी बंधुओ द्वारा भक्तामर पाठ का आयोजन किया गया। महेश बाकलीवाल ने बताया कि दिगंबर जैन पारसनाथ मंदिर, दंग की नसीया में प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ (ऋषभदेव) का जन्म कल्याणक महोत्सव अपार हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं भक्तिभाव से मनाया गया। भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में प्रथम पालना झुलाने का परम सौभाग्य श्रीमान प्रदीप जी बाकलीवाल, मनोज जी बाकलीवाल, अभिनव जी बाकलीवाल, अंशुल जी बाकलीवाल परिवार को प्राप्त हुआ। इसके पश्चात समस्त जैन परिवारों ने पालना झुलाकर अक्षय पुण्य का लाभ प्राप्त किया एवं श्रद्धा से पुष्प-वृष्टि कर प्रभु को वंदन किया।पालना महोत्सव के उपरांत श्री आदिनाथ मंडल विधान का आयोजन विधिपूर्वक किया गया।

## यात्रियों का स्वागत किया

**सीकर** (निसं)। लक्ष्मणगढ तहसील के घिरणिया बडा गॉव के 40 से अधिक पुरूष, महिलाएं एवं बच्चे भगतसिंह के शहादत दिवस पर घिरणियॉ बडा से बस द्वारा उनके अंतिम संस्कार स्थल हुसैनीवाला पहुंचे। जहॉं पर उन्हें श्रृद्धासुमन अर्पित कर उनके विचारों पर चलने का प्रण लिया। इस दल का नेतृत्व घिरणिया बडा के पूर्व सरपंच मोहन फौजी के साथ ग्राम विकास अधिकारी भागीरथ सारण एवं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी गंगाधर सारण कर रहे थे। ग्रामीणों ने सबसे पहले घिरणिया बडा में मोहन फौजी परिवार द्वारा पिछले वर्ष स्थापित भगतसिंह की प्रतिमा के सम्मुख पुष्प अर्पित कर इंकलाब जिदांबाद के नारों के साथ यात्रा का प्रारम्भ किया। दल के सालासर पहुचने पर स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर के निदेशक रामनिवास ढाका ने तिरंगा भेंट कर हुसैनीवाला जाने वाले यात्रियों का स्वागत किया तथा अपने उद्बोधन में बताया कि मोहन सारण व भागीरथ सारण के परिवार ने युवा पीढी को एक संदेश दिया है कि शहीद भगत सिंह की विचारधारा को अपने जीवन में अपनाते हुए देशहित में काम करें। आजादी के लिए संघर्ष करने वाले शहिदों के लिए सम्मान सभी देशवासीयों के दिल में होना चाहिए। इस अवसर पर इतिहासकार एवं लालासी प्रधानाचार्य अरविन्द भास्कर सहित सैकडों ग्रामवासी मौजूद रहे।

## अपर लोक अभियोजक का अभिनंदन जारी

**तारानगर** (निसं)। तारानगर के पंकज स्वामी को राजस्थान सरकार द्वारा तारानगर एडीजे कोर्ट के अपर लोक अभियोजक बनने पर क्षेत्रवासियों द्वारा स्वागत का सिलसिला अभी तक जारी है। रविवार को क्षेत्र के होटल रविक रिसोट में माला व साफा पहनाकर स्वामी का स्वागत किया एवं बधाई दी। अधिवक्ता पंकज स्वामी ने इस सबका श्रेय पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिँह राठौड को दिया जिसकी बदौलत इस मुकाम पर पहुंचे है। इस मोके पर हाकम अली, अश्वनी कुमार शर्मा, ओमप्रकाश स्वामी, प्रेम भाटी, महेन्द्र सिँह भाटी, पदमाराम, रतिराम प्रजापत, भादरराम प्रजापत, मदन स्वामी, रामचंद्र स्वामी, कानाराम स्वामी, खिराज भाकर सहित अधिवक्तागण मौजूद रहे।